मेरी डायरी यहाँ से वहाँ तक



अमादा इरमा पेरेज़

घर छोड़कर दूर जाना? एक रात अमादा ने अपने माता-पिता को दूर देश जाने और मेक्सिको में उनके गांव जुआरेज को छोड़ने के बारे में फुसफुसाते हुए सुना. उसके पांच भाई इस खबर को सुनकर बड़े उत्साहित हुए, लेकिन अमादा भयभीत और चिंतित हुई. पर जब उसका परिवार लॉस एंजिल्स, कैलिफ़ोर्निया के उत्तर में अपना नया घर बनाता है, तब अमादा अपनी आशाओं, आशंकाओं और सपनों को, अपनी डायरी में दर्ज़ करती है.

उसकी डायरी के पन्नों में प्रश्नों की भीड़ लगी है. वो अपने सबसे अच्छी दोस्त को कैसे पीछे छोड़ सकती है? क्या होगा अगर वो अंग्रेजी नहीं सीख पाई? क्या होगा अगर वो दुबारा कभी मेक्सिको नहीं लौट पाई? जुआरेज से मेक्सिकैली तक, तिजुआना से लॉस एंजिल्स तक, अमादा ने सीखा कि अपने परिवार के प्रेम और खुद पर विश्वास करके वो कोई भी यात्रा कर सकती है और मौसम के कोई भी बदलाव भी सह सकती है - यहाँ, वहाँ, कहीं भी.

मेरी डायरी
यहाँ से वहाँ तक

अमादा इरमा पेरेज़

प्रिय डायरी, मुझे पता है कि मुझे पहले ही सो जाना चाहिए था, लेकिन मुझे नींद नहीं आ रही है. अगर मैं वो सब नहीं लिखूंगी, तो मेरा दिमाग फट जाएगा! आज रात, मेरे सभी भाई - मारियो, विक्टर, हेक्टर राउल, और सर्जियो के बाद मैं भी बिस्तर पर लेट गई. मैंने माँ और पापा को फुसफुसाते हुए सुना. वे जुआरेज, मेक्सिको में हमारे छोटे से घर को छोड़ने की बात कर रहे थे. वहां हमने अपनी पूरी ज़िंदगी बिताई थी. वे अमेरिका में लॉस एंजिल्स, जाने की बात कह रहे थे. लेकिन क्यों? अगर हम हमेशा के लिए मेक्सिको छोड़ रहे थे तो फिर मुझे भला कैसे नींद आती? मुझे कल इस बात की तह में जाना ही होगा.

आज नाश्ते में माँ ने हमें सब कुछ समझाया. उन्होंने कहा, "पापा ने अपनी नौकरी खो दी है. उनके लिए यहां अब और कोई काम नहीं है, कोई नौकरी नहीं है. नौकरी के बिना जीवन चला पाना कठिन होगा, लेकिन वो अपने बच्चों के लिए सबसे अच्छा करना चाहते हैं. ज़रा समझने की कोशिश करो." मुझे लगा कि मेरे भाई परेशान होंगे, लेकिन उसकी बजाए वे अमरीका जाने के लिए वास्तव में उत्साहित थे.

"एल-पासो, अमरीका के बड़े स्टोर में सभी प्रकार के खिलौने मिलते हैं!"

"और वहां पर सवारी करने के लिए एस्केलेटर भी है!"

"और वहां हवा में पॉपकॉर्न की प्यारी खुशबू महकती है!"

क्या मैं अपने घर में अकेली हूं जो अपने खूबसूरत देश और लोगों को छोड़ने से डरती हूँ? हम निश्चित रूप से उन्हें फिर कभी नहीं देख पाएंगे?

मेरी सबसे अच्छी दोस्त मीची और मैं आज पार्क में गए. हम डॉन नाचो की कोने वाली दुकान और महिलाओं की तोर्तिआ (मक्के की रोटी) की दुकान के सामने से गुज़रे. तेज़ी से तवे पर आटा डालते हुए उनके हाथ चिड़ियों के पंखों की तरह धुंधले लग रहे थे.

पार्क में हमने एक-दूसरे के बाल गूंथे और वादा किया कि हम एक-दूसरे को कभी नहीं भूलेंगे. हम दोनों ने चिकने, दिल के आकार का दो पत्थर चुने, जो हमें हमेशा हमारे छोटे पार्क, डॉन नाचो और तोर्तिआ शॉप और हमारी दोस्ती की याद दिलाएंगे. मैं मीची को तब से जानती हूं जब हम बहुत छोटे थे, और मुझे लगता कि मुझे उसके जैसा दोस्त कैलिफोर्निया में कभी नहीं मिलेगा.

"तुम भाग्यशाली हो कि तुम्हारा परिवार वहां एक साथ होगा," मिची ने कहा. उसकी बहनें और पिता भी अमेरिका में काम करते हैं. मैं अपने परिवार के किसी सदस्य को पीछे छोड़ने की कल्पना भी नहीं कर सकती थी.



ठीक है, डायरी, देखो अब यह योजना बनी है. दो सप्ताह में हम कैलेक्सिको, कैलिफोर्निया से सीमा पार मेक्सिकैली में अपने दादा-दादी के घर के लिए निकलेंगे. हम उनके साथ रहेंगे और तब पापा काम की तलाश में लॉस एंजेलिस जाएंगे. हम अपने साथ वही सामान ले जो सकते हैं जो पापा की उधार ली गई पुरानी कार में फिट होगा. हम बाकी सब सामान बेच रहे हैं. इस बीच, मेरे भाई कार्डबोर्ड के डिब्बों से शहरों का निर्माण कर रहे हैं और ऐसा दिखा रहे हैं जैसे उन्हें कोई भी परेशानी नहीं है. माँ और पापा कैलीफोर्निया में मिलने वाले सभी अवसरों के बारे में बातें करते रहते हैं. लेकिन अगर हमें वहां स्पेनिश बोलने की अनुमति नहीं मिली तो क्या होगा? अगर मैं अंग्रेजी नहीं सीख पाई तो क्या होगा? क्या मैं फिर कभी मीची को देख पाऊंगी? क्या होगा अगर हम कभी वापस मेक्सिको नहीं लौटे?



आज जब हम पैकिंग कर रहे थे तो पापा ने मुझे एक तरफ खींचा और कहा, "अमादा, मैं देख रहा हूँ कि तुम बहुत चिंतित हो. डरो मत. सब ठीक हो जाएगा."

"लेकिन आपको यह कैसे पता? हमारा क्या होगा?" मैंने पूछा.

पापा मुस्कुराए. "देखो बेटा, मैं एरिज़ोना, अमरीका में पैदा हुआ था. जब मैं छह साल का था - तुमसे भी छोटा – फिर मेरे माँ और पापा हमारे परिवार को वापस मेक्सिको ले गए. वो एक बहुत बड़ा बदलाव था, लेकिन हम उसे आसानी से सह पाए. मैं जानता हूँ कि तुम भी वो सह पाओगी. देखो, तुम जितना सोचती हो तुम उससे कहीं ज्यादा मजबूत हो!"

मैं आशा करती हूँ कि पापा की बात सही निकले. मुझे अभी भी अपनी विशेष चीज़े पैक करनी हैं, डायरी! हम कल निकलेंगे!



हमारी यात्रा लंबी और कठिन थी. रात में रेगिस्तान इतना ठंडा था कि गर्म रहने के लिए हमें एकदम एक-दूसरे से सटकर बैठना पड़ता था. हमने न्यू मैक्सिको और एरिज़ोना की सीमा से लगी सड़क पर गाड़ी चलाई. मेक्सिको और अमरीका वैसे दो अलग-अलग देश हैं, लेकिन वे सीमा के दोनों ओर बिल्कुल एक-समान दिखते हैं, और वहां विशाल सगुआरो, गुलाबी-नारंगी कैक्टस, आकाश और बादलों की ओर इशारा करते हैं. मैंने जो पहला तारा देखा, उसे देखकर मैंने एक मनोकामना की. जल्द ही आकाश में गिनने के लिए तमाम तारे थे. जुआरेज में हमारा छोटा सा घर अब पहले के मुकाबले बहुत दूर लग रहा था.

हम देर रात को मेक्सिकैली पहुंचे और मेरे नाना-नानी के घर रहे. वहां हमारे सभी चाची, चाचा और चचेरे भाई (कोई पचास होंगे!) ने बढ़िया खाने, बीन्स, पैन ड्यूक और हॉट चॉकलेट की दावत के साथ हमारा स्वागत किया. हमें उन सभी से मिलना बहुत अच्छा लगा! हर कोई हमारे आसपास इकट्ठा हुआ और उन्होंने देर रात तक अपनी कहानियां सुनाईं. हमने इतना खेला कि फर्श पर लुढ़कते ही लड़के सो गए. लेकिन, डायरी, मुझे नींद नहीं आ रही है. मैं पापा के कल जाने के बारे में चिंतित हूँ.

पापा आज सुबह लॉस एंजेलिस के लिए रवाना हुए. नानी ने माँ को सांत्वना देते हुए कहा कि पापा एक अमेरिकी नागरिक हैं, इसलिए उन्हें अमरीकी सरकार से हमारे लिए "ग्रीन कार्ड" मिलने में कोई समस्या नहीं होगी. पापा ने हमें बताया कि क्योंकि हम वहां पैदा नहीं हुए थे इसलिए अमरीका में रहने के लिए हम सभी को ग्रीन कार्ड की जरूरत होगी.



मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि पापा चले गए हैं. टियो टीटो हमें रोने के बजाय हंसाने की कोशिश करता रहा. टियो राउल ने मुझे उनका विशेष पदक पहनने के लिए दिया. और टियो चैटो ने मेरे कान में एक जादू करके एक चांदी का सिक्का निकाला. बाकी लड़कों ने भी उनकी चाल की नकल करने की कोशिश की लेकिन उनके सिक्के हर ओर उड़ते रहे. कभी-कभी वे मुझे पागल कर देते हैं, लेकिन आज मुझे हंसना अच्छा लग रहा है.



आज पापा का पत्र मिला! मैं उस पत्र को अपनी डायरी के पन्ने पर चिपका रही हूँ.

मेरा प्यारा परिवार,

मैं लॉस एंजिल्स से 140 मील उत्तर में डेलानो के खेतों में अंगूर और स्ट्रॉबेरी बीन रहा हूं. मैं पैसे बचा रहा हूं और हमेशा आप सब के बारे में सोचता हूं. वो एक कठिन, थका देने वाला काम है. खेतों में सीजर शावेज नाम का एक आदमी है, जो यूनियन बनाने, हड़ताल करने और मालिकों के बहिष्कार की बात करता है. ये नए शब्द हम फार्म मज़दूरों के लिए एक दिन बेहतर परिस्थितियां पैदा करेंगे.

अभी तक आप लोगों के लिए ग्रीन कार्ड मिलना संभव नहीं हुआ है, क्योंकि हमारा अकेला परिवार नहीं हैं जो यहां एक नया जीवन शुरू करने के लिए आया है. कृपया धीरज रखें. हम सभी को फिर से एक-साथ आने में ज्यादा समय नहीं लगेगा.

आलिंगन और चुम्बन, पापा



मुझे पापा की बहुत याद आती है - ऐसा लगता है जैसे उन्होंने सदियों पहले हमें छोड़ा हो. अब उम्मीद लगाए रहना कठिन हो गया है. अब तक, हम माँ की कुछ बहनों के साथ तीन अलग-अलग घरों में रहे. पहले, लड़कों ने टिया टुका का जूलरी बॉक्स को तोड़ डाला और इतना शोर मचाया कि उन्होंने हमें घर से बाहर निकाल दिया फिर, नानी के घर पर उन्होंने टिया नेना की हाई हील्स और पर्स को खराब किया. यहां तक कि नानी खुद भी पागल हो गईं जब लड़कों ने "संगीत" बनाने के लिए उसके बर्तनों को पीटना शुरू किया. मेरे भाई जो कुछ मैं डायरी में लिखती हूँ उसे पढ़ने की कोशिश करते रहते हैं, और मेरे प्रिय छोटे पत्थर को छुपाने की कोशिश करते हैं. टिया लुपे ने आखिर में हमें अपने घर में रखा. लेकिन अगर हमने उनको भी परेशान किया तो पता नहीं फिर हम कहाँ जाएंगे?



आखिरकार! पापा ने हमारे ग्रीन कार्ड भेजे. अब अंत में हम सीमा पार करने जा रहे थे! पापा हमें लेने के लिए नहीं आ सके लेकिन लॉस एंजिल्स में वे हमसे आकर मिलेंगे.

आज रात पूरा परिवार हमारे लिए एक बड़ा विदाई भोज की तैयारी कर रहा है. लड़कों ने जो भी मुसीबतें खड़ी कीं, उसके बावजूद मुझे लगता है कि हमें जाते हुए देखकर हर कोई दुखी था. नानी ने मुझे लिखने के लिए एक नई डायरी भी दी. उन्होंने कहा, "यह कभी मत भूलना कि तुम कौन हो और तुम कहां से आई हो. अपनी भाषा और संस्कृति को अपनी डायरी और अपने दिल में हमेशा जीवित रखना."

हम इस सप्ताह के अंत में डायरी नहीं लिख पाऊंगी. मैं बहुत उत्साहित हूँ शायद इसलिए मैं नहीं लिख सकूंगी!

अमेरिका में मेरा पहला लेखन!

हम सैन य्सिड्रो, कैलिफ़ोर्निया में हैं, और हम लॉस एंजिल्स जाने की बस की प्रतीक्षा कर रहे हैं. तिजुआना में सीमा पार करना एकदम पागल करने वाला अनुभव था. सभी धक्का-मुक्की कर रहे थे. बच्चे रो रहे थे, और लोग पहली पंक्ति में आने के लिए एक-दूसरे से लड़ रहे थे. हमने पूरे रास्ते एक-दूसरे के हाथ पकड़े रखा. जब हम अंत में पार हुए तब मारियो का केवल एक जूता ही बचा था और उसकी टोपी गायब थी. मैंने सभी की गिनती की. मेरे पाँचों भाई मौजूद थे. वाह!

पापा, लॉस एंजिलिस के बस अड्डे पर हमसे मिलने आ रहे थे. बहुत समय हो गया है—मुझे आशा है कि वो हमें पहचानेंगे!

कितनी लंबी यात्रा थी! जब गश्ती दल सभी के कागजों की जांच करने के लिए चढ़ा तब उसने एक महिला और उसके बच्चे को बस से उतार दिया. माँ ने मारियो और हमारे ग्रीन कार्ड अपने दिल के करीब रखे थे.

पापा ने जैसे वादा किया था, वो बस स्टेशन पर हमारा इंतज़ार कर रहे थे. हम सब उसकी बाँहों में लिपट गए और हँसने लगे. माँ थोड़ा रोई भी. पापा का आलिंगन हमें मेक्सिकैली छोड़ने से कहीं ज्यादा अच्छा लगा!



मैंने आज मिची को लिखा:

प्रिय मिची,

मेरे पास तुम्हें सुनाने के लिए कई कहानियाँ हैं! पापा को एक फैक्ट्री में नौकरी मिल गई, और हम लॉस एंजिल्स के पूर्व में एल-मोंटे में एक अजीब पुराने घर में रह रहे हैं. यह जगह जुआरेज की तरह बिल्कुल नहीं है. कल सब कुछ हिलना शुरू हो गया और हमारे चारों ओर एक बड़ी गर्जना हुई - हवाई जहाज, ठीक हमारे ऊपर उड़ रहे थे! कभी-कभी मालगाड़ियां भूकंप की तरह हमारे घर के पास से गुज़र जाती हैं.



हर दिन मैं अपने विशेष छोटे पत्थर को छूती हूं और मैं मेक्सिको वाले घर और पार्क में हमारे घूमने के बारे में सोचती हूं. पापा कहते हैं कि हम एक या दो साल बाद, छुट्टियों में मेक्सिको ज़रूर आएंगे. तब तक हम एक-दूसरे को पत्र लिखते रहेंगे!

तुम्हारी याद आ रही है,

अमादा इरमा

खैर, डायरी, मुझे आखिरकार एक ऐसी जगह मिल गई है, जहां मैं बैठकर सोच सकती हूँ और लिख सकती हूं. वो जुआरेज के छोटा पार्क जैसा नहीं है, लेकिन वो सुंदर है. तुम्हें पता है, सिर्फ इसलिए कि मैं जुआरेज, मिची और मेक्सिकैली में अपने परिवार से बहुत दूर हूं, इसका मतलब यह नहीं है कि वे यहां मेरे साथ नहीं हैं. वे मेरे छोटे पत्थर के अंदर बंद हैं; वे यहां डायरी के पृष्ठों में और उस भाषा में मौजूद हैं जो मैं बोलती हूँ; और वो मेरी यादों और मेरे दिल में बसे हैं. पापा ने सही कहा था - मैं जितना सोचती थी मैं उससे कहीं ज्यादा मजबूत हूं - मेक्सिको में, अमरीका में, कहीं भी.

मैंने लगभग इस पूरी डायरी को भर डाला है और मैं अपनी नई डायरी शुरू करने का इंतजार नहीं कर सकती. शायद मैं अपनी यात्रा के बारे में किसी दिन एक किताब भी लिखूंगी!

लेखिका का नोट

मैं केवल पाँच वर्ष की थी जब मेरा परिवार मेक्सिको छोड़कर अमेरिका गया. उस समय हम ज़ुआरेज पीछे छोड़ने के बाद, मेक्सिकैली में कुछ समय अपने नाना-नानी के साथ रहे. मैं पिता के पत्रों का हर दम इंतजार करती थी —वो काफी रोमांचक था, लेकिन दर्दनाक भी था. तब मुझे यह नहीं पता था कि, तमाम अन्य आर्थिक और राजनीतिक शरणार्थियों की तरह, मैं भी एक नए स्थान पर जीवित रह पाऊंगी.

एक शिक्षक के रूप में, मैंने अपने छात्रों से उनकी मातृभूमि से दूसरे देश की यात्राओं के बारे में कई अद्भुत कहानियाँ सुनी हैं. मेरे कुछ पूर्व छात्रों ने अपना जीवन, नए अप्रवासियों की मदद करने के लिए समर्पित किया है. उन लोगों को अपनी मातृभूमि और देश का आराम छोड़ना पड़ा था. वे, मेरी तरह ही मानते हैं कि हम यह कहानियों को सुनाकर एक-दूसरे को शक्ति प्रदान करते हैं. अपने परिवारों का प्यार पाकर और डायरी में अपने विचारों को लिखकर, हमें अपने नए घरों में पनपने की ताकत मिलती है. अपने शब्दों के माध्यम से हम अपनी यादों और संस्कृति को, अपनी डायरी में और अपने दिलों में जिंदा रख सकते हैं.

— अमादा इरमा पेरेज़